राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 15 अगस्त। देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस पर आज 15 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गाँधी भवन, जयपुर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने प्रात: 7.30 बजे ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों को अपने संदेश में श्री डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस के लम्बे संघर्ष के पश्चात् भारत को अंग्रेजों से आजादी मिली। आजादी प्राप्त करने के लिए स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजों की लाठियों व गोलियों का सामना किया तथा अपने जीवन का बलिदान किया जिसके लिए हमारा देश सदैव उनका ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने जिस भारत की परिकल्पना की थी उसके निर्माण के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है तथा देश के विकास के लिए किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि आज देश में ऐसी ताकतें केन्द्रीय सत्ता में बैठी हैं जिनका लोकतंत्र में विश्वास नहीं है तथा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान के तहत् निर्मित संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर उनकी स्वायत्तता का हनन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें अभिव्यक्ति की आजादी सहित अनेक अधिकार प्रदान किये है किन्तु केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा लोगों की विचार व्यक्त करने की आजादी पर प्रहार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के साथ असहमति व्यक्त करने पर देशद्रोही करार दिया जाने लगा है जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि देश का अन्नदाता किसान 10 माह से तीन काले कृषि कानूनों को वापस लेने की माँग को लेकर सड़कों पर संघर्ष कर रहा है किन्तु केन्द्र सरकार द्वारा समाधान निकालने की बजाए आंदोलन को दबाने हेतु विभिन्न हथकण्डे अपनाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजाद कराने के लिए एक लम्बी लड़ाई लड़ी है तथा अब वक्त आ गया है कि कांग्रेस कार्यकर्ता देश के लोकतंत्र एवं संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए पुन: संघर्ष हेतु तैयार रहे। उन्होंने कहा कि संविधान के मूल्यों के विपरीत कार्य करने वाली फासिस्ट ताकतों को कांग्रेस कार्यकर्ता उखाड़ फेंकेंगे तथा संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों की रक्षा हेतु कांग्रेस कार्यकर्ता तत्परता के साथ आमजन के लिए संघर्ष करेंगे।

2........

Created by Universal Document Converter

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा देश के स्वाधीनता संग्राम के इतिहास, स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान तथा राजस्थान प्रदेश में अंग्रेजों के विरूद्ध चलाये गये आजादी के आंदोलन पर प्रकाश डालने वाला विडियो तैयार किया गया जिसे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत एवं प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा जारी कर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि स्वरूप समर्पित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. चन्द्रभान, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री गोविन्द राम मेघवाल, विधायक श्री रफीक खान, श्री अमीन कागजी, पूर्व सांसद श्री अश्कअली टाक, पूर्व मंत्री श्री बृजकिशोर शर्मा, पूर्व विधायक श्री नवंरग सिंह, श्री प्रकाश बैरवा, श्री संजय बापना, श्री वैभव गहलोत, कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक श्री हेमसिंह शेखावत, वक़्फ़ बोर्ड चेयरमेन डॉ. खानू खाँ बुधवाली, प्रदेश कांग्रेस सचिव श्री ललित तूनवाल, श्री रामसिंह कस्वां, श्री जसवंत गुर्जर, श्री राजेन्द्र यादव, श्री महेन्द्र सिंह खेड़ी, श्री जिया उर रहमान, श्री देशराज मीणा, श्रीमती प्रतिष्ठा यादव, श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज, श्री गजेन्द्र सिंह सांखला, जयपुर हैरिटेज निगम महापौर श्रीमती मुनेश गुर्जर, श्री मुमताज मसीह, डॉ. अर्चना शर्मा, श्री सत्येन्द्र भारद्वाज, श्री गिरिराज गर्ग, श्री बालकृष्ण खींची, श्रीमती ज्योति खण्डेलवाल, श्री सुरेश चौधरी, श्री प्रताप पूनियां, श्री राजेश चौधरी, पं. सुरेश मिश्रा, श्रीमती मंजू शर्मा, श्रीमती संगीता गर्ग, श्री के.के. हरितवाल, श्री अब्दुल रज्जाक भाटी, श्री भवी मीणा, श्री स्वर्णिम चतुर्वेदी, श्री राजेन्द्र शर्मा, श्री रामकरण कुमावत, श्री दीपक धीर, श्री लादूराम बैरवा, श्री अरूणदत्त शर्मा, श्री राजेश पाण्डे, श्री धनसिंह नरूका सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

- - - - -

Created by Universal Document Converter